कक्षा - 11

इतिहास

विश्व इतिहास के कुछ विषय

अनुभाग-2 : साम्राज्य
विषय-3: यायावर साम्राज्य

भाग – 4

मंगोलों का विश्व इतिहास में स्थान

निर्मल सिंह



विवरण (Overview)

1. मंगोल साम्राज्य का गठन
2. चंगेज़ खान और मंगोल साम्राज्य
3. चंगेज़ खान के उपरांत मंगोल
4. चंगेज़ खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में स्थान



चंगेज़ खान और मंगोलो का विश्व इतिहास में स्थान

- तेरहवीं शताब्दी के चीन, ईरान और पूर्वी यूरोप के नगरवासी स्टेपी के इन गिरोहों को भय और घृणा की दृष्टि से देखते थे।
- मंगोलों के लिए चंगेज़ खान अब तक का सबसे महान शासक था।
- उसने मंगोलों को संगठित किया।



- उसने मंगोलों को चीनी शोषण से मुक्ति दिलवाई।
- उसने मंगोलों को समृद्ध बनाया।
- उसने व्यापार के रास्तों और बाज़ारों को पुनस्थापित किया।
- जिनसे वेनिस के मार्कोपोलो की तरह दूर के यात्री आकृष्ट हुए।
- मंगोल अधिराज्य मे विविध मतों और आस्था वाले लोगों को सम्मिलित किया।




- मंगोल शासक स्वयं भी विभिन्न धर्मों, आस्थाओं से संबंध रखने वाले थे- शमन, बौद्ध, ईसाई और अंततः इस्लाम।
- उन्होंने सार्वजनिक नीतियों पर अपने वैयक्तिक मत कभी नहीं थोपे।
- मंगोल शासकों ने सब जातियों और धर्मों के लोगों को अपने यहाँ प्रशासकों और हथियारबंद सैन्य दल के रूप में भर्ती किया।




मंगोलों का शासन
बहु-जातीय
बहु-भाषी
बहु-धार्मिक

- तैमूर चंगेज़ खान का वंशज नहीं था।
- उसने स्वयं को चगेज़ खानी परिवार के दामाद के रूप में प्रस्तुत किया।
- दशकों के रूसी नियंत्रण के बाद, मंगोलिया एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।
- चंगेज खान को एक महान राष्ट्र-नायक के रूप में देखा जाता है।



- मंगोलिया के इतिहास में चंगेज़ खान मंगोलों के लिए एक आराध्य व्यक्ति के रूप में उभरकर सामने आया।

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

1. मंगोल इतिहास में चंगेज़ खान का महत्त्व
2. मंगोलों का वैश्विक महत्त्व



मूल्यांकन (Assessment)

1 मंगोलों के लिए अब तक का सबसे महान शासक कौन था?

अ चंगेज़ खान

ब कुबलई खान

स गज़न खान

द ओगोदेई



मूल्यांकन (Assessment)

2 मार्कोपोलो कहाँ का निवासी था?

अ वेनिस

ब लंदन

स कनाडा

द ईरान



मूल्यांकन (Assessment)

3 | मंगोलों का शासन था?

- अ बहु-जातीय
- ब बहु-भाषी
- स बहु-धार्मिक
- द उपरोक्त सभी



मूल्यांकन (Assessment)

4 मंगोल शासक स्वयं विभिन्न धर्मों व आस्थाओं से संबंध रखते थे।

अ सत्य

ब असत्य



मूल्यांकन (Assessment)

5 ..... ने स्वयं को चंगेज़ खान के दामाद के रूप में प्रस्तुत किया।

तैमूर

